सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

, एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंटआई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र :२०२६-२७

कक्षा:-8	विषय: अमृत संचय	पाठ:2 धन की भेंट

प्रश्न1. वृंदावन पिता का घर छोड़कर क्यों चला गया?

उत्तर- वृंदावन पिता का घर छोड़कर इसलिए चला गया क्योंकि वृंदावन अपनी पत्नी का प्राण घातक अपने पिता जगन्नाथ को मानता था।

प्रश्न 2. पुत्र के घर छोड़ने पर भी जगन्नाथ व्याकुल क्यों नहीं हुआ?

उत्तर - पुत्र के घर छोड़ने पर एक तो घर खर्च कम हो गया था, दूसरा उसे हर समय डर लगा रहता था कि कहीं वृंदावन पैसों के लालच में उसे मार ना दे इसलिए पुत्र के घर छोड़ने पर भी जगन्नाथ व्याकुल नहीं हुआ।

प्रश्न 3. जगन्नाथ नितईपाल को कहाँ लेकर गया?

उत्तर - जगन्नाथ नितईपाल को एक जीर्ण-शीर्ण मंदिर लेकर गया जहाँ किसी देवता की मूर्ति नहीं थी।

प्रश्न 4. वृंदावन ने अपना और अपने पुत्र का नाम क्यों परिवर्तित किया?

उत्तर - उसकी (जगन्नाथ) कंजूसी की बातें चारों ओर फैली हुई थी इसलिए वृंदावन ने अपना और अपने पुत्र का नाम परिवर्तित किया।

प्रश्न 5. जगन्नाथ अचेत क्यों हो गया?

उत्तर - वृंदावन से नितईपाल का यह सच जानकर कि वह उसका पौत्र है जगन्नाथ अचेत हो गया।